**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 09.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री आज नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी समारोहों का करेंगे शुभारंभ, झारखंड में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने महिला कैदी यौन शोषण मामले में लिया स्वतः संज्ञान, राज्य सरकार से तलब की पीड़िता की मेडिकल और जुडिशियल कमिश्नर की जांच रिपोर्ट।**
3. **महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि आज, राजधानी रांची समेत राज्यभर में विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन।**
4. **मौसम केंद्र रांची ने आज राजधानी रांची, बोकारो, खूंटी और कोल्हान क्षेत्र में वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की जतायी आशंका, जारी किया येलो अलर्ट।**
5. **कल से शुरु हो रही झारखंड टी–20 लीग की तैयारी पूरी, छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स ने लॉन्च की अपनी टीम और चमचमाती ट्रॉफी।**

**********************

देशभर में सुरक्षित गर्भावस्था सुनिश्चित करने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2016 को इस योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत हर महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को मुफ्त प्रसव–पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी समारोह का शुभारंभ करेंगे। वे 75 रुपये का स्मारक सिक्का और 5 रुपये का डाक टिकट भी जारी करेंगे। इधर, झारखंड के सभी जिला अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां महिलाओं को मुफ्त जांच, दवाएं और विशेषज्ञ परामर्श मिल रहा है।

**********************

रांची के होटवार जेल में महिला कैदी के यौन शोषण और गर्भवती होने के मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने डीजीपी और आईजी जेल के शपथ पत्र पर असंतोष जताते हुए राज्य सरकार से पीड़िता की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट और जुडिशियल कमिश्नर से जांच रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी।

**********************

झारखंड में दोनों राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो के बैद्यनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा ने पर्चा दाखिल किया है। वहीं एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवाणी के मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। इस बीच झामुमो नेता और मंत्री सुदिव्य कुमार ने महागठबंधन की जीत का दावा किया है।

**********************

इधर, भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवाणी का खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि वे झारखंड के विकास के लिए अच्छा काम करेंगे।

**********************

आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर आदिवासियों से धोखेबाज़ी और माफिया राज चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल भेजा जा रहा है। सरकार के खिलाफ आजसू 22 जून को धनबाद में स्थापना दिवस से बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बड़गाईं जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएमएलए कोर्ट द्वारा सीएम की डिस्चार्ज याचिका खारिज होना स्वागत योग्य है। मरांडी ने

साफ किया कि जमानत मिलना दोषमुक्ति का प्रमाण नहीं है, सोरेन को न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए।

**********************

झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आज राज्यभर में विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया कि कुछ देर बाद रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल और बिरसा चौक पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य नेता उन्हें पुष्प अर्पित करेंगे।

**********************

रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में बेड की किल्लत जल्द दूर होगी। नेत्र विभाग के दो वार्ड स्थायी रूप से मिलने से अगले तीन महीनों में 70 नए बेड जुड़ेंगे। इससे मरीजों को फर्श पर इलाज कराने से मुक्ति मिलेगी। साथ ही डेढ़ करोड़ के नए उपकरण और वेंटिलेटर भी लगाए जा रहे हैं।

**********************

राजधानी रांची में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ रांची ट्रैफिक पुलिस ने बेहद सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस ने 1 जून से 8 जून तक एक **विशेष वाहन जांच** अभियान चलाया, जिसके तहत रिकॉर्ड 3 हजार 775 चालान काटे गए हैं।

**********************

मानसून से पहले राजधानी को जलजमाव से मुक्त करने के लिए रांची नगर निगम ने छोटे–बड़े नालों की सफाई शुरू कर दी है। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर है। नालों की मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन मैपिंग और जियो टैगिंग की मदद ली जा रही है।

**********************

राज्य में गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली है। मौसम केंद्र ने आज रांची, बोकारो, खूंटी और कोल्हान सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**********************

कल से शुरू हो रहे झारखंड टी20 लीग को लेकर रांची में जर्सी लॉन्च और मैनेजमेंट घोषणाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स ने भव्य कार्यक्रमों में अपनी टीमें, जर्सी और ट्रॉफियां लॉन्च कीं। दोनों टीमों ने खिताब जीतने और राज्य की युवा प्रतिभाओं को निखारने का दावा किया है।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड में राज्यसभा की दोनों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– राज्यसभा चुनाव...महागठबंधन में सेंध लगाने उतरे नाथवाणी।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– कल बालू घाटों पर लग जायेगी रोक, 444 में से केवल 14 घाट ही हो पाये चालू, पूरे मानसून फिर झेलनी होगी बालू की किल्लत।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– गिरिडीह में पिता ने तीन बेटियों को काट डाला।

**दैनिक जागरण** लिखता है– मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज याचिका खारिज, चलेगा मुकदमा।

***************